जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :डॉ. शेखर सिंह बघेल
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 103
दिनांक 05.06.2023

हर व्यक्ति चार पेड़ लगाएं–पॉलीथिन को जीवन से दूर भगाएं –डॉ. अतुल श्रीवास्तव

जनेकृविवि में मिशन लाइफ के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजन

पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ ली गई

जबलपुर 05 जून, 2023। आजादी के अमृत महोत्सव,जी–20 एवं नाहेप के संयुक्त तत्वाधान में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से, भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा दिये गये कार्यक्रम ''मिशन लाइफ'' के अंतर्गत 18 मई से 5 जून 2023 तक राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि की आंसदी से अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि हर व्यक्ति चार पेड़ लगाएं–पॉलीथिन को जीवन से दूर भगाएं का स्लोगन हम सभी को अपनी जीवन में उतारना चाहिये। डॉ. श्रीवास्तव ने सभी को पर्यावरण के संरक्षण, संवर्धन एवं अपने जीवन में बदलाव हेतु शपथ ग्रहण कराई। आपने कहा कि आज चहुंओर प्रकृति के दोहन के परिणाम स्वरूप अनेक पशु–पक्षी, वनस्पतियां विलुप्त होंने की कगार पर हैं। ऐसे में सर्वत्र हम सभी को पर्यावरण एवं प्रकृति को बचाना एवं संरक्षित करना अतिआवश्यक है। आपने विश्व पर्यावरण दिवस 2023 की थीम ''नो प्लास्टिक'' के विषय में प्रेरणादायी विचार प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नाहेप प्रमुख डॉ. आर.के. नेमा ने कहा कि आज अंधाधुंध पेड़–पौधें की कटाई और मोटर, वाहनों के कारण पर्यावरण प्रदूषण फैल रहा है। हम सभी ने आज प्रतिज्ञा ली है पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन की दिशाा में कार्य करने हेतु जीवन में बदलाव करने से प्रकृति का बचाव किया जा सकता है। साथ ही हर व्यक्ति को वृक्षारोपण कर, संरक्षण संवर्धन करने का संकल्प लेना चाहिये। विभागााध्यक्ष डॉ. मोहन सिंह ने भी पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन के प्रति जागरूक होंने की बात कही। कार्यक्रम में अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव,नाहेप प्रमुख डॉ. आर.के. नेमा, डॉ. ए.के. राय, डॉ. मोहन सिंह मंचासीन रहे।

डॉ. रत्नेश श्रीवास्वत एन.एस.एस. अधिकारी कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय ने बताया कि 18 मई से 5 जून 2023 तक आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे निबंध, नारा, पोस्टर, रंगोली, तात्कालिक भाषण का आयोजन के साथ ही साईकिल रैली, पर्यावरण जागरूकता रैली आयोजित की गई। इस दौरान प्रतियोगितओं में विजेता प्रतिभागियों को मुख्यअतिथि अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव सहित अन्य के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम में प्रकृति एवं आधुनिक जीवन शैली को लेकर छात्र–छात्राओं द्वारा एक नुक्कड़ नाटक की बेहतरीन प्रस्तति दी, जो बहुत ही प्रेरणादायक एवं जागरूकता फैलाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण थी।

मिशन लाइफ के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में डॉ. एस.बी.दास,डॉ. ए.के. राय द्वारा पर्यावरण की दिशा में बेहतर कार्य करने की कार्ययोजना हेतु व्याख्यान प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. रत्नेश श्रीवास्वत द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ. संजीव गर्ग, डॉ. सी.एम. एब्राल, डॉ. एम.के. अवस्थी, डॉ. आलोक बाजपेयी, डॉ. शैलेन्द्र शर्मा, डॉ. अजय गुप्ता, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. शेखर सिंह बघेल सहित वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।